महत्वपूर्ण एवं खास

शासकीय कार्य में लापरवाही : तीन पंचायत सचिव निलंबित

रायगढ़ । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत सारंगढ़ ग्राम पंचायत कटेकोनी के पंचायत सचिव मिलन चंद्रा, ग्राम पंचायत अमलीपाली-ब के पंचायत सचिव बेदराम सिदार तथा जनपद पंचायत तमनार ग्राम पंचायत पेलमा के पंचायत सचिव बैसाखुराम किसान को शासन की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, गौठान, स्वच्छ भारत मिशन एवं कोविड-19 वैक्सीनेशन के कार्य में रूचि नहीं लेने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव मिलन चंद्रा को जनपद पंचायत बरमकेला में अटैच किया गया है। इसी तरह पंचायत सचिव बेदराम सिदार को जनपद पंचायत पुसौर एवं पंचायत सचिव बैसाखुराम किसान को जनपद पंचायत घरघोड़ा में अटैच किया गया है।

नशीली टेबलेट व कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार,नार्कोटिक्स एक्ट का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। नशीली कफ सिरप व टेबलेट बेचने की सुचना पर तेलीबांधा पुलिस ने एक व्यक्ति को उसके पास नशीली टेबलेट व प्रतिबंधित सिरप जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार 28 जून को रात 11.30 बजे मुखबीर की सुचना पर पुलिस ने मोर रायपुर बोर्ड के पास मरीन ड्राईव के पास तेलीबांधा में एक व्यक्ति को मुखबीर की सुचना पर घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी ने पुछताछ में अपना नाम दयाराम यादव 32 वर्ष पिता राहुल यादव बताया है। उसके कब्जे से 2 पत्ता नशीली टेबलेट कुल 16 नग एवं प्रतिबंधित सिरप 100 एमएल 9 नग जब्त की है। आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 21 बी 22 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

ढेंगुरनाला पुल से गिरकर शिक्षिका की मौत

कोरबा (आरएनएस)। बालकोनगर-रिस्दी रिंग रोड स्थित ढेंगरनाला पुल पर हुए हादसे में एक शासकीय शिक्षिका की मौत हो गई। उसकी पहचान संध्या शर्मा पति राजीव शर्मा निवासी सेक्टर-2 बालकोनगर के रूप में की गई है। मृतका का शव मौके से निकाल लिया गया है। बालकोनगर थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि लगभग 12 बजे यह हादसा हुआ। वर्ग-2 शिक्षिका संध्या शर्मा की पदस्थापना शासकीय विद्यालय रजगामार में है। ड्यूटी के लिए वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर निकली थी। ढेंगरनाला पुल से गुजरने के दौरान वह पुल से नीचे जा गिरी। लगभग 18 फीट नीचे गिरने के साथ पत्थर से उसका सिर जा टकराया। यहां से आवाजाही करने वाले लोगों को इसकी जानकारी हुई। कुछ देर के बाद पुलिस पहुंची। उस दौरान उसकी सांसें थम चुकी थी। शिक्षिका के निधन पर शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने शोक जताया है।

बाईक की ठोकर से मवेशी की हुई मौत, 2 युवक हुए घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के ग्राम चोकावाड़ा चौक के पास सड़क पर अचानक एक मवेशी आ जाने से बाईक सवार दो युवक रघुनाथ एवं भगतराम भंडारी गिरकर घायल हो गये, मोटर साईकिल की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बछड़े को गंभीर चोट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनो घायल युवकों को डायल 112 ने महारानी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो व्यक्ति मोटर साइकिल से कोटपाड़ ओडिशा की ओर जा रहे थे। ग्राम चोकावाड़ा चौक के पास अचानक एक मवेशी आ जाने से मोटर साइकिल चालक ने मवेशी को टक्कर मार कर सड़क पर गिर गए. इस दुर्घटना में रघुनाथ पिता चैतन एवं भगतराम भंडारी पिता चेतन निवासी दुकलावंडी जिला नवरंगपुर ओडिशा घायल हो गए हैं, जिनका महारानी अस्पताल में उपचार जारी है।

पर्याप्त यात्री संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण विशाखापट्टनम-रायपुर-विशाखापट्टनम स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन रद्द

रायपुर (आरएनएस)। पर्याप्त यात्री संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण विशाखापट्टनम एवं रायपुर के मध्य चलने वाली 08527/08528 विशाखापट्टनम-रायपुर-विशाखापट्टनम स्पेशल स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 01 जुलाई,2021 से 15 जुलाई, 2021 तक रद्द किया गया है । रद्द होने वाली इन ट्रेनों की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है:- 1) 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर, स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 01 से 14 जुलाई, 2021 तक रद्द रहेगी । 2) 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम, स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 02 से 15 जुलाई, 2021 तक रद्द रहेगी।

नियमानुसार पानी टंकियों की हो सफाई-कलेक्टर

» नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

रायगढ़। बरसात में जलजनित रोग जैसे पीलिया, डायरिया आदि फैलने का खतरा रहता है। इसके लिए ओवर हैड टैंक की सफाई और हैंडपंप के समय पर क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसी तरह नालियों से होकर गुजरे पाइप लाइन में लिकेज आदि की समस्या नहीं हो इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित नगरीय निकाय की समीक्षा बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि बरसात में दुषित पानी से अधिकांश डायरिया होने की शिकायत होती है। इसमें नालियों से गुजरे पाइप लाइन में लिकेज होने और गंदा पानी घरों में सप्लाई होने की बात सामने आती है। जिले के नगरीय निकायों में जलजनित रोग न हो इस पर गंभीरता से ध्यान देने होगा। इस दौरान उन्होंने नालियों से होकर गुजरे पाइप लाइन की निगरानी रखने और लिकेज की समस्या न आए इस पर कार्य करने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। इसी तरह समय-समय पर पानी टंकियों की सफाई, हैंडपंप का क्लोरीनेशन के साथ पानी की लेबोरेट्रीज जांच कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने लोगों में जलजनित रोगों के बचाव संबंधित प्रचार-प्रसार करने और पीने की पानी की शुद्धता के लिए क्लोरिन टेबलेट बांटने के निर्देश दिए। इसके बाद डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और नाली की सफाई एजेंडा पर चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सफाई, प्रकाश एवं पानी नगरीय निकाय के मूल कार्य हैं। इन कार्यों को व्यवस्थित तरीके से करना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में पूर्व से कमी आई है। इसे नियमित और बेहतर तरीके से करना है। इसी तरह डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर्स चार्जेस की वसूली पर भी ध्यान देना है। नगर निगम क्षेत्र में बीते वित्तीय वर्ष में यूजर्स चार्जेस 70 प्रतिशत वसूली होने पर कलेक्टर सिंह ने नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर सिंह ने यूजर्स चार्जेस 90 प्रतिशत तक करने और तब तक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश कमिश्नर एस. जयवर्धन को दिए। इसके बाद व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्यों में तेजी लाने और सामुदायिक शौचालय के संचालन और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसी तरह पौनी पसारी योजना के तहत निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर सिंह ने राजस्व वसूली पर चर्चा की। इस दौरान नगर निगम सहित जिले के सारंगढ़, खरसिया, लैलूंगा, किरोड़ीमल, धरमजयगढ़, पुसौर, बरमकेला, सरिया, घरघोड़ा नगरीय निकाय को राजस्व वसूली बढ़ाने और तय लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम सहित जिले के नगरीय निकाय के स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में निगम के कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय सहित सभी अधिकारी व विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

❒ **गोबर खरीदी और कम्पोस्ट पर दें ध्यान-** कलेक्टर भीम सिंह ने नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायवार गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट निर्माण पर चर्चा की। इस दौरान जिले के कई नगरीय निकायों में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट निर्माण कन्वर्जन पर अंतर था। इस पर कलेक्टर सिंह ने कन्वर्जन पर ध्यान देने और सही तरह गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह निर्माण वर्मी कंपोस्ट के भंडारण की व्यवस्था करने और जल्द से जल्द बिक्री करने की बात कही गई। इस दौरान कई गोठानों में कंपोस्ट पीट के लिए शेड नहीं होने की बातें सामने आई। इस पर कलेक्टर सिंह ने बरसात में गोबर खरीदी प्रभावित न हो और वर्मी कंपोस्ट निर्माण का कार्य चलता रहे इसके लिए सभी गोठानों में शेड निर्माण कराने के निर्देश दिए।

❒ **अमृत मिशन व एसटीपी के कार्य में लाएं तेजी-** कलेक्टर भीम सिंह ने शहर में चल रहे अमृत मिशन पाइप लाइन विस्तार और एसटीपी के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की। इस दौरान प्रगति की जानकारी कमिश्नर एस.जयवर्धन ने दी। इसी तरह बताया गया कि एसटीपी में पाइप लाइन डालने में रेलवे ट्रैक विस्तार और चट्टान का बाधा आ रहा है। इसलिए वर्तमान में कार्य कम गति से हो रहा है। इस पर कलेक्टर सिंह ने एसटीपी निर्माण के कार्यों में तेजी लाने और तय डेट लाइन के अनुसार कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश कमिश्नर जयवर्धन को दिए। इसी तरह कलेक्टर सिंह ने शहर में बने प्रधानमंत्री आवास योजना मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में आने वाले दो माह के अंदर हितग्राहियों को शिफ्ट करने के निर्देश कमिश्नर जयवर्धन को दिए।

❒ **डीएमएफ से नगरीय निकायों को मिलेगा रिक्शा-** बैठक में कलेक्टर भीम सिंह ने शहर सहित नगरीय निकायों की सफाई व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान शहर में सफाई ठेकेदार के अधिकांश कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने की बात सामने आई। इस पर कलेक्टर सिंह ने ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। इसी तरह नगरीय निकायों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे रिक्शा के खराब हो जाने और रिक्शा की मांग की गई। कलेक्टर भीम सिंह ने डीएमएफ से सभी नगरीय निकायों के लिए मांग अनुसार रिक्शा खरीददारी करने के निर्देश कमिश्नर जयवर्धन को दिए।

रास्ता रोककर 3 बाइकसवारों ने लूट लिए मोबाईल, कागजात और 5 हजार रुपए, लूट का अपराध दर्ज

रायगढ़। थाना भूपदेवपुर में दिनांक 28/06/2021 को तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति से नकदी रकम 5,000 रूपये व मोबाईल लूट करने की रिपोर्ट पीड़ित द्वारा दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 28.06.2021 के दोपहर तेल लेने रायगढ अपने मोटर सायकल हीरो होण्डा स्पेलेण्डर एनएक्सजी क्रमांक सीजी 13 पी-8174 में गया था। रायगढ से एक टीपा तेल लेकर वापस घर आते समय शाम करीब 04.50 बजे ग्राम केराझर लक्की ढाबा के आगे मेन रोड पर एक मोटर सायकल में सवार तीन लडके (उम्र करीबन 20-25 साल) पीछे से सामने आकर हार्न देने लगे तो मोटर सायकल धीरे किया। तभी एक लड़का मोटर सायकल को पीछे से लात मारकर गाडी सहित गिरा दिया। मोटर सायकल के पीछे बैठे दोनो लडके मोटर सायकल से उतरे और बांस के डण्डा से बांये हाथ में चार बार एवं बांये आंख के नीचे एक बार तथा दाहिने मुंह मारने लगे और जेब में रखे 5,000 रूपये, एक जियो मोबाइल और गाड़ी का आरसी बुक, बीमा, पेन कार्ड, आधार कार्ड को लूटकर भाग गये। लूट की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 394 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

1 लाख से अधिक टीकाकरण को सफल बनाने में फिर एक बार महिला शक्ति ने दिखाया दम

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह के दिशा-निर्देशन में बीते शनिवार 26 जून को रायगढ़ जिले में कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण का महाभियान चलाया गया। जिसमें 75 हजार टीका के लक्ष्य के विरुद्ध 1 लाख 43 हजार 554 टीका एक ही दिन में लगाया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल के कुशल मार्गदर्शन में महा टीकाकरण महाभियान के दौरान पूरा प्रशासनिक अमले ने पूरी शिद्दत के साथ अपनी सहभागिता निभाई।

उक्त कार्ययोजना में जिला पंचायत के एनआरएलएम बिहान योजना के सभी कैडर और स्व-सहायता समूह के महिलाओं की भी अहम भूमिका रही। नारी शक्ति ने अभूतपूर्व उदाहरण का परिचय देते हुए बिहान के जनपद स्तर की पूरी टीम और फील्ड के सभी कैडर, सक्रिय महिला, सखी, बैंक सखी आदि सभी घर-घर जाकर लोगों के समझाते नजर आयी।

गाँव में जितने भी भ्रांतियां फैली हुयी थी जैसे टीका लगने उपरांत बाँझपन, नपुंसकता आ जाती है, वृद्धजनों को कमजोरी एवं अकाल मृत्यु होना आदि जैसी भ्रामक जानकारी से मुक्त करने हेतु बिहान की महिलाओं ने गांव-गांव, घर-घर जाकर सभी को कहा कि हम सब टीका लगवाकर पूरी तरह से स्वस्थ है तो आप लोग भी आवश्यक रूप से टीका लगवाएं और अपने और अपने परिवार तथा समाज को कोरोना मुक्त कराने में अपनी सहभागिता दें। उनकी समझाइश के बाद वे सभी प्रोत्साहित होकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं नजदीकी टीकाकरण केन्द्र तक पहुचाने में विशिष्ट भूमिका निभाई।

बिहान के जिला इकाई और जनपद इकाई के अधिकारियों द्वारा सतत् निगरानी कर एक-एक फील्ड कैडर को रिपोर्टिंग हर घंटे ली गयी और इसका ऑनलाइन एंट्री करने हेतु जानकारी कंट्रोल रूम तक दी गई। प्रशासनिक अमले के मार्गदर्शन में बिहान की हर एक कैडर ने महा टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिये सुबह 5 बजे से देर रात तक जुटी रही।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक

रायगढ़ । विगत 11 वर्षों से पूरे देश में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है, जिसमें परिवार नियोजन सेवाओं सहित उनके प्रचार-प्रसार एवं विधियों की स्वीकृति पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। हालांकि वर्तमान में देश कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु संघर्षरत है किंतु प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान न केवल आवंछित गर्भधारण को रोकने के लिए अधिक महत्व रखता है बल्कि सभी माता एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण के लिए भी आवश्यक है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जानकारी देते हुये बताया कि आपदा में भी परिवार नियोजन की तैयारी, सक्षम राष्ट्र और परिवार की पूरी जिम्मेदारी है। बच्चों के जन्म में अंतर रखने के लिए 5 सरल और सुरक्षित उपाय बताये गये है। जिनमें आई.यू.सी.डी. के तहत ये डॉक्टर, नर्स या ए.एन.एम. के द्वारा बच्चेदानी में लगाई जाती है। ये आसान है और 5-0 साल तक काम करती है। इसका इस्तेमाल सभी स्वस्थ महिलाएं कर सकती हैं। तुरन्त डिलिवरी के बाद वाली महिलाएं और दूध पिलाने वाली महिलाएं भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। वह महिलाएं इसका प्रयोग नहीं करें जो गर्भवती हैं, जिन्हें यौन रोग है, असामान्य खून बहता है या बच्चेदानी से जुड़ी समस्याएं है।

गर्भनिरोधक गोलियां-महिला को रोज एक गोली एक ही समय पर खानी होती है। अधिकतर महिलाओं के लिए ये सुरक्षित है पर दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए नहीं। ये सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दवाई दुकानों पर उपलब्ध है। गोलियां शुरू करने से पहले डॉक्टर, नर्स या ए.एन.एम. से सलाह जरूर लें। कण्डोम-अनचाहे गर्भ से बचाव के लिए पुरूष को इस्तेमाल करना होता है। कण्डोम अनचाहे गर्भ, यौन संक्रमण और एच.आई.वी./एड्स से बचाव करता है। यह भी सभी दवाई की दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हो जायेगी।

अंतरा इंजेक्शन-अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन एक बार लगने के बाद तीन माह तक अन्य कोई गर्भनिरोधक उपाय की आवश्यकता नहीं होती है। इसका उपयोग 18 से 45 वर्ष उम्र के सभी माताएं लगा सकती हैं। प्रसव के छः सप्ताह बाद इस इंजेक्शन को लगाया जा सकता है। यह शिशुवती महिलाओं के लिए सुरक्षित है, क्योंकि यह स्तनपान को प्रभावित नहीं करता है। छाया गर्भनिरोधक टैबलेट-छाया टैबलेट, सहेली के नाम से भी जानी जाती है। यह स्तनपान करवाने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित होती है। इसे सप्ताह में दो बार लिया जाना है, तीन माह तक के लिए उसके पश्चात सप्ताह में एक बार लिया जाना रहता है। परिवार नियोजन की विधि अपनाने हेतु अपने निकटतम स्वास्थ्य संस्था या मितानिन एवं ए.एन.एम.से संपर्क कर सकते है।

चक्रधरनगर क्षेत्र की चार बालिकाएं रास्ता भटककर पहूंची सीएमओ तिराहा, कोतरा रोड पुलिस ने पहुंचाया घर

रायगढ़। दिनांक 28/06/2021 की रात्रि कोतरारोड़ पेट्रोलिंग पार्टी को देर शाम सीएमओ तिराहा के पास 7-8 वर्ष की चार लड़कियां एक साथ घूमते मिली। पेट्रोलिंग के स्टाफ को लड़कियां दूसरे क्षेत्र की लगी। तब पेट्रोलिंग प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार बच्चियों से उनका नाम पता पूछे, एक लड़की प्रेमनगर चक्रधरनगर की तथा तीन आईटीआई चक्रधरनगर की होना बताई। चारों सुबह 11.00 बजे से घर से निकलना और एक साथ घूमते-घूमते सीएमओ तिराहा तक आ जाना बताये। प्रधान आरक्षक द्वारा उन्हें घर क्यों नहीं गये पूछने पर रास्ता भूल जाना बताई। तब पेट्रोलिंग पार्टी उन्हें थाना लायी। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा को बच्चियों के संबंध में जानकारी मिलने पर थाने में उनके स्वल्पाहार की व्यवस्था कर उन्हें बिस्किट पैकेट दिये और उन्हें बिना माता-पिता की जानकारी के घर से ज्यादा दूर घूमने न जाने की समझाइश दिये। थाना प्रभारी बच्चियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुये उन्हें एक-एक कट्टा चावल दिये और पेट्रोलिंग पार्टी को उन्हें घर छोड़ आने को बोले।

सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों पर दो दिनों के अभियान में जमकर हुई कार्रवाई

» अभियान में दुपहिया एवं भारी वाहन चालकों को दी गई समझाइश, साथ ही बड़ी संख्या में कटे चालान, झगड़ेलू व्यक्तियों को भेजा गया जेल

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा गुंडा बदमाशों की जांच, फरार वारंटियों एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये गये अभियान के बाद सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराबखोरी करने वालों पर कार्रवाई के लिये 27 एवं 28 जून को दो दिनों का सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अभियान दौरान खुलेआम शराब पीने वालों पर कार्रवाई के साथ दुपहिया व भारी वाहनों के चालकों को मोटर व्हीकल एक्ट का पालन कराने हेतु समझाइश के साथ चालानी कार्रवाई एवं लंबित शिकायतों, आवेदन विशेष कर झगड़ा, मारपीट के शिकायत आवेदनों पर दोनों पक्षों को प्रतिबंधित करने अधिक अधिक व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

अभियान के दो दिनों में जिला मुख्यालय एवं अनुविभाग के थानाक्षेत्रों में मोटर व्हीकल एक्ट एवं आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत रिकार्ड कार्रवाई की गई। शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाने वालों पर भी सबसे अधिक कार्रवाई क्रमशः थाना कोतवाली में 29, खरसिया में 24 तथा जूटमिल में 12 व्यक्तियों पर की गई है। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कोतवाली थाने में 248, पूंजीपथरा में 108, सारंगढ़ में 52 तथा चौकी कनकबीरा में 51 दुपहिया एवं भारी वाहन चालकों के चालान काटे गये हैं। वहीं कोतरारोड़ पुलिस सबसे अधिक 31 व्यक्तियों को इन दो दिनों में प्रतिबंधक कार्रवाई किया गया है।

विशेष अभियान दौरान इन दो दिनों में पूरे जिले में 184 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) की कार्रवाई की गई है जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़े गये थे। वहीं कुल 960 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माने की कार्रवाई की गई, जिसमें 2,06,000 रुपए की राशि का चालान काटा गया जिसे शासन के खाते में जमा कराया गया है। अभियान दौरान 92 व्यक्तियों पर प्रतिबंधक कार्रवाई की गई है, जिसमें कई झगडेलू व्यक्तियों पर धारा 151 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत जारी रहेगी, बताया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480